

## कलेक्टर के आदेश पर 245 मैट्रिक टन खाद की गई जब्त

**सरकनपुर गांव में दी प्रशासन की टीम ने दबिश**

**एसडीएम, पुलिस एवं कृषि विभाग की संयुक्त कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। खाद की कमी एवं कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें कड़ी से कड़ी कार्यवाही से दंडित किया जाएगा। हमारे कृषकों को खाद लेने में कोई परेशानी होगी तो संबंधित व्यक्ति कार्यवाही के लिए तैयार रहे। यह बात जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने खरगापुर क्षेत्र के ग्राम सरकनपुर में खाद के अवैध भण्डारण पर हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही की जानकारी देते हुए कही।**

दरअसल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को खरगापुर क्षेत्र के ग्राम सरकनपुर में भारी मात्रा में अवैध रूप से खाद के भण्डारण की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम, पुलिस प्रशासन एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने सरकनपुर में एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम




दिया है। जिसमें 245 मैट्रिक टन खाद जब्त करने की कार्यवाही की गई। साथ ही दोषियों के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी कार्यवाही को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि सूचना के आधार पर दल को रवाना किया गया। जहां एसडीएम, पुलिस एवं कृषि विभाग के आला अधिकारियों ने स्थल की जांच की तो यह पाया गया कि वहां पर काफी बड़ी संख्या में खाद का स्टॉक है। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने बताया कि सरकनपुर गांव में कार्यवाही के दौरान 245 मैट्रिक टन खाद बरामद किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के खाद का भण्डारण था। इस पर कार्यवाही करते हुए ईसी एक्ट की धारा 3, 7 एवं उवर्रक कंट्रोल के जो नियम एवं आर्डर है उसके तहत कार्यवाही की गई है। मामला पंजीबद्ध हो चुका है। उन्होंने एक सवाल के जबाव में बताया कि एक वैद्यानिक प्रक्रिया के अंतर्गत कोर्ट में इस प्रकरण को प्रस्तुत किया गया है। कोर्ट से हम मांग करेंगे कि किसानों को यह खाद बांटा जाए। कोर्ट के निर्देश अनुसार इस पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नकली असली खाद के प्रश्न का जबाव देते हुए



कहा कि देखने में तो खाद सही लग रहा है। लेकिन इसकी सैंपलिंग कराई जा रही है। सैंपलिंग में अगर खाद मिलावटी पाया गया तो और धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

उन्होंने आगे बताया कि अगर खाद सही पाई गई तो कहां से यह आई है इसका क्या स्रोत जिन्होंने इसको भेजा है। ऊपर से नीचे तक इस पूरी चैन का हम लोग परीक्षण



कर रहे हैं। इसमें और जो भी लोग दोषी हैं उन पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार विक्रेताओं को खाद बेचने के लिए निर्देशित किया गया है। किसानों को खाद की कमी या कालाबाजारी की समस्या अगर आती है तो उस पर भी कार्यवाही होगी।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में मामला पंजीबद्ध

राजपूत इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अरविंद लोधी और चंद्रभान लोधी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। कार्यवाही बीज औषधी निरीक्षक महक खत्री, एसडीएम, पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम ने की है। टीम ने राजपूत इंटरप्राइजेज पर छापा मारा। अरविंद लोधी और चंद्रभान लोधी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 और उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अरविंद लोधी की पीओएस आईडी पर खरीदी गई खाद का स्टॉक चंद्रभान लोधी के सरकनपुर स्थित मकान के आंगन और कमरों में किया गया था।

## विपणन वर्ष में होगा सोयाबीन का पर्याप्त उपार्जन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि जिला टीकमगढ एके शर्मा के द्वारा जिले के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम अंतर्गत खरीफ 2025 विपणन वर्ष 2025-26 में सोयाबीन का उपार्जन किया जाना है।**

जिसके लिए किसानो के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया है। टीकमगढ़ जिले मे 13 समितियो पर पंजीयन की व्यवस्था की गई है। असके अलावा किसान भाई स्वयं के मोबाईल/कम्प्यूटर से ई-उपार्जन पोर्टल पर, एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केंद्रों पर जाकर भी पंजीयन कर सकते है। श्री शर्मा के द्वारा बताया गया है कि कलेक्टर के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को कृषको के अधिक से अधिक पंजीयन कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। विभाग ने किसानों से कहा है कि भावांतर भुगतान योजना का लाभ लेने के लिए 17 अक्टूबर तक पोर्टल पर सोयाबीन उपार्जन का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर के निर्देशन में सोयाबीन फसल का उपार्जन किया जाना है।

## कुण्डेश्वर मंदिर में भक्त की कटी जेब



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। क्षेत्र केप्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर में चोरी की एक घटना सामने आई है। मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचे एक श्रद्धालु की जेब से 55 सौ रुपए चोरी हो गए। श्रद्धालु भगवान को जल अर्पित कर रहे थे इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी की घटना मंदिर के गर्भ गृह में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, हालांकि चोर की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।**

शहर के ताम्रकार मोहल्ला निवासी मोनू ताम्रकार ने बताया कि सोमवार को वह शिव धाम कुंडेश्वर दर्शन करने गए थे। उन्होंने बच्चों की स्कूल फीस जमा करने के लिए 55 सौ रुपए अपने पास रखे थे। मंदिर दर्शन के बाद उन्हें सीधे स्कूल जाना था। मंदिर से लौटने के बाद जब मोनू ने अपनी जेब देखी तो पैसे गायब थे। उन्होंने घर जाकर अन्य कपड़ों में और परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर पैसों की तलाश की। शाम करीब 4 बजे उन्हें संदेह हुआ कि शायद मंदिर में ही उनकी जेब कट गई है। इसके बाद मोनू शाम को मंदिर पहुंचे और प्रबंधन से बात की। मंदिर प्रबंधन के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें एक व्यक्ति को उनकी जेब से पैसे निकालते हुए साफ देखा गया। रात में मोनू ताम्रकार ने खिरिया चौकी पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है, बल्कि जांच का आश्वासन दिया है।

## उच्चतर अवसरों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा




**नवभारत न्यूज जतारा। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे सोमवार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में योग्यता तथा कार्यबल में उच्चतर अवसरों के लिए तैयार होने की प्रेरणा दी।**

जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस की थीम जागरूकता एवं संवेदनशीलता पर जतारा परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र ताल लिधौरा में जागरूकता कर्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बालिका अधिकार एवं लिंग भेदभाव का अंत विषय पर चर्चा की गई साथ ही परियोजना अधिकारी प्रेमवती यादव द्वारा बालिकाओं व महिलाओं में नेतृत्व विकास कौशल विषय पर चर्चा करते हुए महिलाओं को नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा कार्यबल में उच्चतर अवसरों के लिए तैयार होने की प्रेरणा दी। महिला केद्रित योजनाओ के बारे मे बताया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली, जागरूकता रैली की गई। कार्यक्रम को लेकर महिला बाल विकास विभाग रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों को में जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है।

## 17 तक भावांतर भुगतान के होंगे पंजीयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर भुगतान शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में योजना लागू की गई है। इस हेतु किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया है तथा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।**

भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत कोई किसान अपनी सोयाबीन फसल को कृषि उपज मण्डी में विक्रय करेगा तो न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर विक्रय करता है तो सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा विक्रय मूल्य/मॉडल मूल्य के अंतर की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में भुगतान करेगी। योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल का विक्रय करने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराने हेतु कृषकों की सुविधा के लिये जिले में पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इसके साथ ही पंजीयन व्यवस्था के अलावा किसान भाई स्वयं व मोबाईल/कम्प्यूटर से ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कर सकते है। शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। इस हेतु किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया।

## जनसुनवाई में 119 शिकायतें आईं सामने



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त 119 शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।**

जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने विभिन्न आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। शेष अन्य प्रकरणों पर एक सप्ताह में कार्यवाही कर निराकरण करते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई तथा निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा अंजली शर्मा सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## आधार पंजीयन वाली दरों में संशोधन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार आधार पंजीयन पर आधार कार्य हेतु लगने बाली राशि की दरों में संशोधन किया गया है। यूआईडीए द्वारा एक अक्टूबर से 30 सितम्बर 2028 तक के लिए निर्धारित आधार पंजीयन की दरें जारी की गई हैं।**

तदनुसार नये आधार कार्ड जनरेशन तथा 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु में अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन नि:शुल्क रहेगा। साथ ही अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट 7 से 15 वर्ष और 17 वर्ष से अधिक के लिये 125 रुपये, जनसांख्यिकीय अद्यतन के साथ या उसके बिना अन्य बायोमेट्रिक के लिये 125 रूपये, जनसांख्यिकीय अद्यतन एक या अधिक फ़ील्ड के लिये 75 रूपये, आधार केंद्र और माई आधार पोर्टल पर पीओए और पीओआई अपडेट के लिये 75 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने जिले के उद्यमियों से किया संवाद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भोपाल में आयोजित एमएसएमई सम्मेलन 2025 में अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न जिलों के उद्यमियों से संवाद कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित एमएसएमई सम्मेलन 2025 में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 48 जिलों की 700 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को एमएसएमई विकास नीति अंतर्गत 200 करोड़ रूपए से अधिक की अनुदान राशि एवं स्टार्टअप नीति 2025 अंतर्गत प्रदेश के 80 से अधिक स्टार्टअप को एक करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि का अंतरण किया।**

उक्त के तारतम्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष



सरोज राजपूत, विवेक चतुर्वेदी, विभा श्रीवास्तव, संध्या सोनी अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जीएमडीआईसी गुंजन जैन, शिल्पी ओझा उद्योगकर्मी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में जिले उद्यमियों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्चुअली संवाद किया गया, जिसमें नवीन औद्योगिक क्षेत्र-सुनौरा बिरिया में भूखण्ड आवंटन के लिए आशय पत्र प्राप्त शिल्पी ओझा एवं जिनेश कुमार जैन, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत अनुदान प्राप्त राहुल राय एवं मनीष जैन तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में ऋण प्राप्त हितग्राही अखलेश विश्वकर्मा, अमित जैन सम्मिलित रहे। इसी कार्यक्रम के साथ मुख्यमंत्री ने जिले की 6 औद्योगिक इकाईयों को 257 लाख को राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित की गई।

## कार्यक्रम में बालिका अधिकार के विषय पर की गई चर्चा

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजन**

**17 अक्टूबर को होगा पांच दिवसीय कार्यक्रम संपन्न**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम दिवस की थीम जागरूकता एवं संवेदनशीलता पर शासकीय हाई स्कूल हजूरीनगर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बालिका अधिकार एवं लिंग भेदभाव का अंत विषय पर चर्चा की गई।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारें में वन स्टॉप सेंटर



की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर शिखा शर्मा ने विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बालिकाओ को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे मे बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट का मतलब गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 है, जो भारत में कन्या भ्रूण हत्या और घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए बनाया गया एक कानून है। यह कानून जन्म से पहले ही भ्रूण के लिंग का निर्धारण और उसका खुलासा करने पर प्रतिबंध लगाता है। इस अधिनियम के उल्लंघन पर डॉक्टर और संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना और कारावास का प्रावधान है इसके साथ ही पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

परामर्शदाता फिरदौस अंजुम ने बालिकाओं व महिलाओं में नेतृत्व विकास कौशल विषय पर चर्चा करते हुए महिलाओं को नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा कार्य बल में उच्चतर अवसरों के लिए तैयार होने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रतिभागियों को वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं जैसे चिकित्सा, परामर्श, पुलिस सहायता, आश्रय, विधिक सहायता तथा महिला केद्रित योजनाओ के बारे मे बताया।कार्क्रम मे विभिन्न गतिविधियां जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली, जागरूकता रैली की गई। कार्यक्रम में बालिकाओं ने भर चढ़कर हिस्सा लिया। बालिकाओं को पुरूस्कार भी वितरित किये गए। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापक एवं अध्यापिकायें उपस्थित रहे।

**परेशानी** ▶ **दीपावली पर्व की खरीददारी में आ रही लोगों को दिक्कत**

## शहर की अधिकांश एटीएम मशीनों से नहीं निकल रहे रुपए

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में स्थित बैंक में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मनमानी को लेकर दीपावली पर्व के पहले ज्यादातर एसबीआई एटीएम खाली पड़े हैं, लोगों को त्योहार की खरीददारी करने में रूपयों की समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्योंकि अधिकांश एटीएम मशनों से रूपए नहीं निकल रहे हैं। लोगों ने संबंधित बैंकों से इस समस्या का निदान कराने की मांग की है।**

त्योहार के दिनों में लोगों को नकदी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे 6 से अधिक एटीएम बैंक प्रबंधन ने बंद कर दिए हैं। जो एटीएम चालू हैं, उनमें भी नकदी उपलब्ध नहीं है, जिससे उपभोक्ता एक एटीएम से दूसरे एटीएम भटकने को मजबूर हैं।




दीपावली पर्व के दौरान नकदी की आवश्यकता बढ़ जाती है, खासकर छोटे भुगतानों के लिए यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। पिछले कुछ दिनों से शहर के अधिकांश एसबीआई एटीएम में नकदी नहीं है।

शहर के स्थानीय लोगों ने बताया कि जामा मस्जिद के पास का एटीएम पिछले दो महीने से बंद है। सेल सागर चौराहा, कोतवाली रोड, एचडीएफसी बैंक के बगल वाला, पपौरा चौराहा, लुकमान चौराहा और जय स्तंभ के पास के एटीएम भी लंबे समय से बंद पड़े हैं। लोगों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उन्हें सुबह नकदी की जरूरत थी। छह एटीएम पर जाने के बाद भी उन्हें कैश नहीं मिला। चार एटीएम बंद थे, जबकि मुख्य ब्रांच और पीली कोठी ब्रांच के एटीएम खाली थे। शहर में स्थित बैंक में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मनमानी को लेकर दीपावली पर्व के पहले ज्यादातर एसबीआई एटीएम खाली पड़े हैं, लोगों को त्योहार की खरीददारी करने में रूपयों की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अधिकांश एटीएम मशनों से रूपए नहीं निकल रहे हैं। लोगों ने बैंकों से इस समस्या का निदान कराने की मांग की है। एटीएम मशीनों से पैसे न निकलने के कारण लोगों को दीपावली पर्व पर अपने घरों में चल रही रंगाई-पुताई की सामग्री खरीदने में दिक्कत आ रही है।

### ज्यादा पैसे निकालने से बन रही समस्या

एटीएम मशीनों से पैसे न निकलने की समस्या को लेकर एसबीआई मुख्य ब्रांच के मैनेजर धीरेंद्र चौरसिया ने बताया कि एटीएम में एक दिन में 20 लाख रुपए नकदी भरी जाती है, लेकिन दोबारा कैश भरने का कोई प्रावधान नहीं है। लोग ज्यादा पैसे निकालते हैं, इसलिए एटीएम जल्दी खाली हो जाते हैं। एटीएम बंद होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सीनियर अधिकारियों के निर्देश पर किया गया है।

## चयनित वर्ग से मांगे मत्स्य योजना के आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि धरती आवा जनजातीय ग्राम उत्कृर्ष अभियान वर्ष 2025-26 हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समस्त गतिविधियों को शामिल किया गया है। धरती आवा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना बर्ष 2025-26 अंतर्गत टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले के चयनित ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।**

जिले के पात्र, इच्छुक आवेदक 15 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। योजना की बिस्तृत जानकारी कार्यालय से लें।

## प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पीएम शासकीय हाई स्कूल अनंतपुरा में बालिकाओं के लिए ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20-20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।**

निबंध प्रतियोगिता के लिए थीम किसी छात्रा को एक दिन के लिए स्कूल प्राचार्य बनाया जाए और ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दी गई। सभी बालिकाओं ने प्रोत्साहित होकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कामिनी कुशवाहा, द्वितीय पुरस्कार नैंसी विश्वकर्मा, तृतीय पुरस्कार आभा घोष ने प्राप्त किया। इसी प्रकार ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ममता अहिरवार, द्वितीय पुरस्कार संतोषी अहिरवार तथा तृतीय पुरस्कार किंजल रजक ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने आप को अच्छा महसूस किया।